कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्ष:9, अंक: 351
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर, मंगलवार
7 मई, 2024
मूल्य रु. 2.00



## सपा और कांग्रेस का तो इतिहास ही राम विरोध पर टिका है - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

रोहित कुमार

उन्नाव। दो बार के सांसद सांसद और तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के समर्थन में भगवन्त नगर विधानसभा स्थित आर. आर. बी. एन. इंटर कॉलेज में विशाल जनसभा की।जनसभा सीएम योगी ने कहा क मोदी राज में आतंकवाद समाप्त हो चुका है। आज पटाखा भी फूटता तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हमने नहीं किया है। कहा मैं जानता हूं आप लोग मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना चाहते। हम जानते हैं कि 13 मई को भीषण गर्मी होगी इसलिए आप लोग सब काम छोड़ कर सबसे पहले मतदान करेंगे फिर कोई काम करेंगे।कार्यकर्ताओं से अपील की प्रत्येक कार्यकर्ता साक्षी महाराज और आशुतोष शुक्ला बन घर घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति से वोट मांगे।

मुख्यमंत्री ने कहा जाके प्रिय न राम-बैदेही।

तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥

*जो राम का विरोधी है वो हमारा भी विरोधी है हम सदैव उसके खिलाफ खड़े मिलेंगे ऐसे राम विरोधियों को वोट नहीं देना है।सीएम योगी ने कहा, अबतक जो चुनाव हुए हैं उसमें जो रुझान आए हैं उसमें साफ हैं कि इस बार फिर मोदी सरकार गरीब कल्याण योजनाओं की तो कोई बात ही नहीं। पहले गरीब चिकित्सा के अभाव में मरता था, भूख से मरता था, वर्षा और सर्दी में घर न होने की वजह से मरता था। अब ऐसा नहीं हैं. सभी को मुफ्त राशन, चिकित्सा दी जा रही है। 2014 के पहले नौजवान क्राइम करते थे, आत्महत्या करते थे। आज नौजवानों को रोजगार दिया जा रहा है। पहले सरकार नौजवानों के हाथ में असलहा पकड़ती थी। आज सरकार टैबलेट पकड़ा रही है।उन्होंने मंच से सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। कहा- कांग्रेस ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन की सबसे बड़ी भागीदार है। इनका घोषणा पत्र देखो। कांग्रेस मतलब विनाश काले विपरीत बुद्धि। ये कांग्रेस जाते-जाते अपना नर्क भी बिगड़ना चाहती है।सपा और कांग्रेस का तो इतिहास ही राम विरोध पर टिका है। कांग्रेस का आतंकवादियों से घर जैसा रिश्ता है।कांग्रेस और सपा का इतिहास ही राम विरोध पर टिका है एक पार्टी ने राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया तो दूसरी ने निहत्थे रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं हम इन्हें बता देना चाहते हैं कि जो राम का विरोधी है वो हमारा भी विरोधी है और हम सदैव उनके खिलाफ खड़े मिलेंगे2014 के पहले देश में गरीबों को रोटी , मकान , चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता था कांग्रेस और सपा जैसे विपक्षी दलों ने देश में भ्रष्टाचार और परिवारवाद का जहर घोल रखा था । मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही देश के गरीबों और किसानों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी , 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक मुफ्त इलाज को गारेंटी दी , देश की माताओं-बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर घर शौचालय बनवाने का काम किया। मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति की वजह से ही कश्मीर से धारा 370 हट पाई जिससे आज कश्मीर भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ पाया है।जनसभा का संचालन लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा ने किया स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने दिया। मुख्यमंत्री की जनसभा में जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा प्रदेश सरकार में मंत्री उन्नाव के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष



शकुन सिंह विधायक आशुतोष शुक्ला पंकज गुप्ता श्रीकांत कटियार अनिल सिंह बृजेश रावत बंबा लाल दिवाकर एमएलसी रामचंद्र प्रधान लोकसभा संयोजक भगवती प्रसाद रावत सह संयोजक अरुण सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी गंगा प्रसाद वर्मा रैली प्रभारी प्रवीण सिंह नूतन विधानसभा प्रभारी राकेश कृष्ण साहू विधानसभा संयोजक समीर शुक्ला भी मंच पर उपस्थित रहे।

### कन्हैया कुमार ने दाखिल किया नामांकन

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। पूर्व छात्र नेता उसी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के दो बार के सांसद और भोजपुरी गायक से नेता बने मनोज तिवारी का सामना करने के लिए तैयार हैं। कुमार ने 2019 का आम चुनाव बिहार की बेगुसराय सीट से सीपीआई उम्मीदवार के रूप में लड़ा। कांग्रेस के उदित राज ने शुक्रवार को उत्तर पश्चिमी दिल्ली सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया और उनकी पार्टी के सहयोगी जय प्रकाश अग्रवाल ने शनिवार को चांदनी चौक सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार पहली बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, पार्टी के कुछ नेताओं द्वारा उनके विरोध की भी खबर आई थी। दो बिहारियों के बीच होने वाले इस मुकाबले में पर सभी की दिलचस्पी है। नामांकन से पहले कन्हैया ने पूजा और हवन किया और सभी धर्मों के गुरुओं से भी आशीर्वाद लिया। नामांकन के दौरान कन्हैया के साथ आप के नेता भी मौजूद रहे। कांग्रेस दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही है। सीट-बंटवारे की व्यवस्था के हिस्से के रूप में, कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि क्कने राष्ट्रीय राजधानी में चार निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार खड़े किए हैं।

## कसाब को सजा करवाई इसलिए मुझे देशद्रोही बता रहे ?: उज्जवल निकम



नई दिल्ली। मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार और वकील उज्ज्वल निकम विपक्षी कांग्रेस के निशाने पर हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) विजय वडेट्टीवार ने किताब का जिक्र कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने निकम पर महाराष्ट्र पुलिस के पूर्व महानिरीक्षक एसएम मुश्रीफ की एक किताब का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि 26/11 के आतंकवादी अजमल कसाब ने आईपीएस अधिकारी और तत्कालीन राज्य आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या नहीं की थी बल्कि उनकी जान आरएसएस के वफादार पुलिस अधिकारी की बंदूक से चलाई गई गोली से हुई थी। एक सरकारी वकील के रूप में निकम ने इसे दबाया था। एक साक्षात्कार में, निकम ने विवाद के साथ-साथ अपने चुनाव अभियान और भविष्य की योजनाओं पर भी बात की। हेमंत करकरे ने कहा कि बिना किसी तर्कसंगत आधार के मेरी निंदा करने या मेरी छवि खराब करने के लिए झूठा प्रचार शुरू कर दिया है और वे सोच रहे हैं कि मैंने कांग्रेस की छवि खराब की है। यह (एलओपी वडेट्टीवार का आरोप) बिल्कुल गलत है। लेकिन मैं राजनीतिक युद्ध में नहीं उतरना चाहता। देशद्रोही कहे जाने पर उज्जवल निकम ने कहा कि हमने आतंकी अजमल कसाब को सजा करवाई इसलिए मैं देशद्रोही हो गया। इस तरह के बयान से क्या पाकिस्तान को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। वर्षा गायकवाड़ को लेकर निकम ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार व्यक्तिगत दुश्मन नहीं हैं। उम्मीदवार अपनी विचारधारा पर चुनाव लड़ते हैं. वह एक अनुभवी और वरिष्ठ राजनेता हैं, लेकिन हम कच्चे खिलाड़ी भी नहीं हैं। चुनावों में लोग देखते हैं और तय करते हैं कि कोई विशेष राजनीतिक दल देश के लिए कुछ अच्छा कर सकता है या नहीं। और हम देश को मजबूत करने के लिए पीएम मोदी और उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का अनुसरण करेंगे।बतौर सांसद नए कानून या संशोधन प्रस्तावित करने को लेकर उज्जवल निकम ने कहा कि मैं चाहता हूं कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया सरल हो। मौजूदा कानून के अनुसार, भले ही दो देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि हो, तब भी प्रथम दृष्टया मामला बनेगा या नहीं, इसका निर्णय संबंधित अनुरोधित देश/राज्य के कानून के अनुसार किया जाता है। प्रत्यर्पण कार्यवाही शुरू करने के लिए, अनुरोध करने वाले राज्य को अनुरोधित देश/राज्य में स्थित अदालत में संपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। अनुरोधित राज्य अपने कानून के आधार पर उस साक्ष्य का मूल्यांकन करता है। अब दोनों देशों के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनाने के मानक अलग-अलग हैं। मैं इसे सुव्यवस्थित करना चाहूंगा।

## गांधी परिवार के गढ़ को बचाने में कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत



नई दिल्ली। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को रायबरेली और अशोक गहलोत को अमेठी का एआईसीसी वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ रहे हैं। नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ जो उनकी मां सोनिया गांधी ने खाली किया था। गांधी परिवार के वफादार किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से मैदान में उतारा गया है, वह सीट जहां राहुल गांधी 2019 में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार गए थे। कांग्रेस पार्टी ने दो सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 3 मई को उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे। ऐसे में गांधी परिवार के गढ़ को बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस के इन दो दिग्गजों भूपेश बघेल और अशोक गहलोत पर होगी। राहुल गांधी और किशोरी लाल शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को रायबरेली और अमेठी में मतदान होगा। राहुल पहले ही केरल की वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं, जिसे उन्होंने 2019 में जीता था। वायनाड में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2 मई को यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से अपना उम्मीदवार घोषित किया। सिंह 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी से हार गए थे। लंबे समय से कांग्रेस के वफादार रहे किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से हैं। शर्मा का कांग्रेस पार्टी से जुड़ाव 1983 से है जब उन्होंने पंजाब छोड़ने के बाद राजीव गांधी के साथ काम करना शुरू किया। बाद में, उन्होंने सोनिया गांधी के साथ अमेठी निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी के रूप में काम किया, जहां से उन्होंने 1999 में चुनाव लड़ा था।

## भाजपा दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी : संजय सिंह



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान भ्रष्टाचार और चुनावी बॉण्ड के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोलते हुए इसे 'दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टी' करार दिया। आप ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को रोडशो और एक जनसभा सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। उन्होंने 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत राजिंदर नगर में एक वॉकथॉन का आयोजन किया।आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि पार्टी लोगों को बता रही है कि 2014 के बाद मोदी वॉशिंग मशीन कैसे भ्रष्टाचारियों का समर्थन लेकर और उन्हें मंत्री बनाकर उनके दाग धो रही है। सिंह ने यह भी कहा कि चुनावी बॉण्ड के एक घोटाला होने का खुलासा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि, भाजपा ने रिश्वत ली और चुनावी बॉण्ड के माध्यम से कारोबार दिया।

## चुनाव के बीच अनंत सिंह को मिल गई 15 दिनों की पैरोल, ललन सिंह के लिए किया प्रचार, तेजस्वी का जेडीयू पर वार

नई दिल्ली। एक सजायाफ्ता पूर्व विधायक ने 15 दिन की पैरोल पर जेल से छूटने के कुछ घंटों बाद बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी द्वारा उतारे गए उम्मीदवार के लिए एक विशाल रोड शो किया। अनंत कुमार सिंह, जिन्हें छोटे सरकार के नाम से भी जाना जाता है, मोकामा से पांच बार विधायक रहे हैं। रविवार सुबह उन्हें पटना के बेउर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। उनके स्वागत के लिए ढोल, फूलों की वर्षा और कारों के विशाल काफिले सहित भव्य व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के सबनीमा गांव से अपना रोड शो शुरू किया और मुंगेर से जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह के लिए समर्थन मांगा। मोकामा और बाढ़ दोनों विधानसभा क्षेत्र मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जैसे ही अनंत सिंह अपनी कार से बाहर निकले, उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके और ललन सिंह के लिए नारे लगाए गए, जेल में बंद नेता का स्वागत करने के लिए भारी भीड़ रास्ते में घंटों इंतजार कर रही थी। अनंत सिंह, जिन्होंने 2020 में अपना आखिरी विधानसभा चुनाव राजद के टिकट पर जीता था, को हथियार मामले में दोषी ठहराया गया था और



वह 10 साल की सजा काट रहे हैं।राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को पार्टी के पूर्व नेता अनंत सिंह पर हमला किया और कहा कि जब तक वह उनकी पार्टी में थे, अपराधी थे और अब जदयू में शामिल होने के बाद वह संत बन गए हैं।

## पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी है, भारत ने पीओके पर नजर डाली तो एटम बम गिरेगा: फारुक अब्दुल्ला



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक काफिले पर घात लगाकर हमला किया। देश के एक वीर सपूत ने अपने प्राणों की आहूति दे दी। सुरक्षाबल आतंकवादियों को पकड़ने और उन्हें जहन्नुम पहुंचाने के लिए चप्पे चप्पे पर तैनात हैं। लेकिन देश के नेता 2024 के चुनावी माहौल में शाहदत पर सियासत चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। सीमा पार से आतंकियों को भारत में आतंक फैलाने के लिए भेजा जाता है। पूंछ में आतंकी हमला होता है। घात लगाकर हमले को अंजाम दिया जाता है। आतंकी हमले में हमारे देश के वीर सपूत शहादत देते हैं। लेकिन इस बीच घाटी के नेता खून से लिखकर चेतावनी देने की बात कर रहे हैं। सियासत चमका रहे है। आतंकी हमले की टाइमिंग को लेकर सवाल उठा रहे हैं। एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी है। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं जिनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया जा सकता है। वरिष्ठ एनसी नेता पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत में विलय करने के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। अगर रक्षा मंत्री यह कह रहे हैं, तो आगे बढ़ें। हम रोकने वाले कौन होते हैं? लेकिन याद रखें, उन्होंने (पाकिस्तान) भी चूड़ियाँ नहीं पहनी हैं। उसके पास परमाणु बम हैं और दुर्भाग्य से वह परमाणु बम हम पर गिरेगा। इससे पहले अप्रैल में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में एक रैली को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया था कि देश के चल रहे विकास को देखते हुए पीओके के लोग अंततः भारत का हिस्सा बनने की मांग करेंगे। राजनाथ सिंह ने दर्शकों को आश्वस्त करते हुए कहा था कि चिंता मत करें। पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत की बढ़ती शक्ति, प्रतिष्ठा और आर्थिक प्रगति के कारण पीओके के लोग भारत में शामिल होना चाहेंगे।

## धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का बीएसपी ने काटा टिकट

लखनऊ। मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जौनपुर लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार श्रीकला सिंह का टिकट रद्द कर दिया है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। श्रीकला जौनपुर के पूर्व सांसद और प्रभावशाली नेता धनंजय सिंह की पत्नी हैं। जौनपुर में, भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री कृपा शंकर सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि सपा ने बसपा के पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है, जिन पर राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) घोटाले का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि श्रीकला पहले ही बसपा प्रत्याशी के तौर पर जौनपुर लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर चुकी हैं। हालांकि, सूत्रों की मानें तो पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव श्रीकला की जगह बसपा के उम्मीदवार बनने की ओर अग्रसर हैं। वह आज अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक खबर है कि टिकट कटने के बाद श्रीकला चुनाव नहीं लड़ेंगी। इससे पहले 27 अप्रैल को धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाई कोर्ट से जमानत मिल गई थी. जौनपुर में एमपी-एमएलए अदालत ने 6 मार्च को सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को 2020 के अपहरण और जबरन वसूली मामले में सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिंह को जमानत दे दी, लेकिन जिला अदालत द्वारा पारित सात साल



की जेल की सजा को निलंबित करने या रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी। सिंह और उनके सहयोगी संतोष विक्रम को जिला अदालत ने नमामि गंगे परियोजना प्रबंधक अभिनव सिंघल के अपहरण और जबरन वसूली में शामिल होने के लिए दोषी पाया था। ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद धनंजय सिंह जौनपुर में अपनी पत्नी के लिए चुनाव प्रचार करने की योजना बना रहे थे। जौनपुर उत्तर प्रदेश के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। राज्य में 80 संसदीय सीटें हैं। जौनपुर सीट में बदलापुर, शाहगंज, जौनपुर, मल्हनी और मुंगराबादशाहपुर सहित 5 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

## थाना कपूरपुर पुलिस ने थाने केभादवि व 07 सीएलए एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार




हापुड़ लोकजन संदेश

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा थाने के भादवि व 07 सीएलए एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को सालेपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता जुल्फीकार उर्फ पप्पू पुत्र तोफीक निवासी ग्राम सालेपुर कोटला थाना कपूरपुर जनपद हापु गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 साहब सिंह थाना कपूरपुर जनपद हापुड 2. उ0नि0 यूटी रविन्द्र कुमार 3. है0का0 98 जयकुमार

## बाजार से सामान खरीदकर लौट रहे युवक से दंबगों ने की मारपीट,बचाव में आए युवक की मुंह से उंगली काटकर की अलग



हापुड़ लोकजन संदेश थाना पिलखुवा क्षेत्र में दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर मुंह से उंगली को काटकर अलग कर दिया। वहीं चचेरे भाई ने दबंगों के खिलाफ कोतवाली पिलखुवा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पिलखुवा के मोहल्ला प्रहलाद नगर निवासी सलमान ने बताया कि शुक्रवार रात बाजार से सामान खरीदकर वापस घर आ रहा था। मोहल्ला सद्दीकुपरा निवासी तीन दबंगों ने रास्ते में रोकर गाली गलौज कर अभद्रता करने लगे। जब विरोध किया तो तीनों ने लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने चचेरा भाई सोनू आया तो दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर मुंह से उंगली को काटकर अलग कर दिया। शोर सुनकर लोगों का आता देख तीनों जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलवस्था में सोनू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है सीओ जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि मामलें में जांच शुरू कर दी है

## बंद पड़े मकानों में चोरी,एक गिरफ्तार पुलिस जांच में जुटी



हापुड़ लोकजन संदेश

थाना सिम्भावली क्षेत्र में चोरों ने दो बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर लाखों रूपए का सामान व नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामलें में एक चोर को गिरफ्तार कर लिया सिम्भावली के गांव भोवापुर निवासी दीपक कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में रहकर सैलून चलाते हैं। उनके माता-पिता गांव में बने मकान में रहते हैं। एक अप्रैल को उनके माता-पिता किसी काम से हापुड़ चले गए। तीन अप्रैल को पड़ोसी ने सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद वह घर पहुंचा, तो देखा कि उसके घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। पीड़ित के अनुसार चौर उसके घर से लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी कर ले गए। इसके अलावा गांव के ही रहने वाले अनुज कुमार के घर से भी चोरी की घटना हुई है

---



हापुड़ लोकजन संदेश

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान में चिन्हित अभियोगों (पॉक्सो व जघन्य अपराध) में आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाये जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास व 30,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

## ऐसी व्यवस्था करें कि बाढ़ से कोई भी हताहत ना हो-जिलाधिकारी



हापुड़ लोकजन संदेश

हापुड़(सू0वि0)6 मई 2024। जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने बाढ़ से बचाव के लिये जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें बाढ़ का इंतजार नहीं करना है बल्कि बाढ़ आने से पूर्व ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेना है जिससे बाढ़ के समय लोगों को कम से कम हानि हो। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूर्व में बाढ़ से प्रभावित लोगों तथा पशुओं का डाटा संग्रहीत करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि डाटा संग्रहण से तैयारियों को बेहतर रूप दिया जा सकेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों के मोबाइल नंबर इकट्ठा करने तथा स्थानीय स्तर पर बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान आवश्यक उपयोगी उपकरण जैसे लाइव जैकेट आदि को पहले ही खरीद कर रख लिया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका गढ़ से जल निकासी के लिए आवश्यक उपकरण जैसे मोटर मोटर पंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बाढ़ से निपटने के लिए एक उच्च सुविधाओं से युक्त कंट्रोल रूम की स्थापना हर हालत में कर ली जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से बाढ़ के बारे मे तथा बाढ़ बचाव के बारे मे छात्रों को जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनपद स्तर पर बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की जा रही है इसी प्रकार स्थानीय स्तर पर भी एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया कर लिया जाए। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 संदीप कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी ग्राम स्तर पर कम्युनिकेशन प्लान बना ले तथा बाढ़ के दौरान पशुओं को कहां शिफ्टिंग किया जाना है इसकी एक रूपरेखा बना ले मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के पशुओं एवं बच्चों का कैंप लगाकर टीकाकरण कराया जाए साथ ही बाढ़ के दौरान स्वच्छ पीने के पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। बैठक का संचालन आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने किया बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी हापुड़, उप जिलाधिकारी गढ़, उप जिलाधिकारी धौलाना, एआरटीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे

## हापुड़ में धूमधाम से मनाया गया श्री खाटू श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव , भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



हापुड़ लोकजन संदेश

लखदातार मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया । हापुड़ के स्वर्ग आश्रम रोड पर बाबा का पूजन कर भगवान् से कार्यक्रम के निर्विघ्न सफल आयोजन की कामना कर भगवान् को महाभोग प्रसाद लगाकर भक्तो मे वितरित किया गया । इस अवसर पर लखदातार मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने बताया गया कि बाबा का गुरगान करने कोलकाता से सौरभ शर्मा, मुज्जफरनगर से मयंक धीमान, दिल्ली से सोनी सिस्टर्स, और सम्पूर्ण आयोजन को अपना आशीर्वाद देने दिल्ली से सुरेश चंद्र गुप्ता (गुरु ) उपस्थित हुए और संकीर्तन का विश्राम गंगा महाआरती ऋषिकेश से आए पंडितो द्वारा किया गया इस अवसर पर , उज्ज्वल अग्रवाल, अजय अग्रवाल,अर्जुन पटवारी , अक्षय अग्रवाल, अजय महेश्वरी, दिव्यांश, अंकित, धर्मेंद्र, मानव ऐरन, ऋषि सोया , दीपक वर्मा, शिवम,प्रिंस, रिंकू आदि मौजूद थे

## क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग की गयी

लोकजन संदेश अवगत कराना है कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य चौराहों/मार्गों, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों आदि पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा आमजन से वार्ता कर उनकी समस्यों के बारे में जानकारी की गयी तथा सुरक्षा संबंधी सुझावों का आदान प्रदान किया गया तथा अन्यावश्यक रूप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए चेकिंग की गयी। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने तथा सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतरजनपदीय/अन्तर्राज्यीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है

## मालगाड़ी की चपेट में आया युवक का कटा एक पैर, हालत गंभीर

हापुड़ लोकजन संदेश

थाना देहात क्षेत्र के दोयमी में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में युवक का पैर कट गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जानकारी के अनुसार हापुड़ के कोटला सादात मोहल्ले निवासी आदिल गांव जारोठी रोड पर कृषि उपकरण बनाने की फैक्ट्री में कार्य करता हैं।सोमवार को दोमयी गांव गया था। जहां वह रेलवे फाटक पर ट्रेक पार करते समय अचानक एक मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन से टक्कर लगने के बाद युवक बुरी तरह से घायल हो गया। रेलवे ट्रैक पर हुए इस हादसे में युवक का एक पैर कट गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस नें घायल अवस्था में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया हैं। जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर किया गया हैं। पुलिस नें बताया घायल युवक घायल युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई हैं

## फर्जी अधिकारी बन साइबर ठग ने किसान से की 1.26 लाख की ठगी



हापुड़ लोकजन संदेश

पीएम योजना का लाभ दिलाने के नाम पर एक साइबर ठग ने फर्जी अधिकारी बनकर एक किसान से 1.26 लाख की ठगी कर ली। पुलिस नै एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है हापुड़ के गांव ददायरा निवासी अमित कुमार ने बताया है कि 28 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत कृषि सोलर पम्प के लिये अपनी माता कान्ता देवी के नाम से एक आवेदन किया था। 13 मार्च 2024 को दोपहर उसके मोबाइल पर एक कांल आयी। जिस पर बोलने वाले व्यक्ति ने उससे कहा कि वह कृषि विभाग से बोल रहा है। पीड़ित ने जो कृषि सोलर पम्प के लिये आवेदन किया है उसका अभी तक पेमेंट नहीं कराया है। जिसकी डेट निकल चुकीहै। यदि इसका अभी ऑनलाइन पेमेंट नहीं कराते हो तो आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। यह सुन कर उसको लगा की कहीं वह कोई फर्जी व्यक्ति तो नहीं है तो उसने उससे अपनी माता व कृषि भूमि की डिटेल जानने की कोशिश तो उसने उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर माता व कृषि संबंधी डिटेल भेज दी गई। जिसके कारण वह आरोपी की बातों में आ गया और उसने एक लाख 26 हजार रूपये 13 मार्च 2024 ऑनलाइन मोबाइल से पेमेंट कर दिया। इसके बाद से आरोपी को मोबाइल बंद आ रहा है। उसने पता किया तो उसे जानकारी हुई कि किसी व्यक्ति ने फर्जी कृषि अधिकारी बनकर उसके साथ ठगी की है। पीड़ित ने साइबर पुलिस से मामले की शिकायत की है

## जनपद के समस्त थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान



हापुड़ लोकजन संदेश अवगत कराना है कि महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद जनपद हापुड़ के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/कालेजों, गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ऑडियो/वीडियो/पंफलेट के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया

## चोरों ने मोबाइल टावर से किए लाखों रूपए के पार्ट्स चोरी




हापुड़ लोकजन संदेश थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव ददायरा में लगे एक निजी मोबाइल कंपनी के टावर से चोरों ने फिर लाखों रूपये कीमत के पार्टस चोरी कर लिए। कंपनी के अधिकारी ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कंपनी के अधिकारी अनुज तोमर पुत्र कृष्ण पाल सिंह निवासी भूड़पुर बागपत ने तहरीर में बताया कि कंपनी का टॉवर थाना देहात हापुड़ के ग्राम दद्दायरा में लगा हुआ है 18 अप्रैल 2024 को रात में लगभग साढ़े ग्यारह बजे टॉवर से किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा गाखों रूपये कीमत के पार्टस चोरी कर लिए गए। जिसकी सूचना उन्होंने फोन करके पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की थी। मामले में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है

## महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी

जालौन। महिला ने अज्ञात कारणों से विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं, फोरेंसिक टीम ने भी नमूने जुटाए हैं। हालांकि अभी परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर कोतवाली में नहीं दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर निवासी रिंकू गुजरात में एक होटल में मैनेजर हैं। उनकी पत्नी गुड़िया (35) गांव में बेटी राधिका व सास, ससुर के साथ रहती थी। दो दिन पूर्व पति रिंकू मां की तबियत खराब होने पर छुट्टी लेकर घर आया था। रविवार को वह अपनी मां व बेटी के साथ उनका इलाज कराने के लिए उरई गए थे। उरई में शाम अधिक होने पर तीनों रात में वहीं रूक गए। घर पर पत्नी गुड़िया व ससुर थे। रात में अज्ञात कारणों के चलते गुड़िया ने कमरे का दरवाजा बंद करके किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब पति मां के साथ वापस घर लौटा तो गुड़िया के कमरे का दरवाजा बंद था। काफी खुलवाने के प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा न खुलने पर झांककर देखा तो उसका शव जमीन पर पड़ा था। जिसके बाद इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

# नाली के विवाद में अधेड़ की हत्या करने वाले हत्यारे पुलिस के चढ़े हत्थे




लोकजन संदेश/ पुष्पेन्द्र कुमार

कानपुर देहात रूरा नाली के विवाद में अधेड़ के फावड़ा मारकर हत्या करने वाले हत्यारे रूरा पुलिस के चढ़े हत्थे जिसमें मौके पर पहुंचे अफसरों ने छानबीन की थी। कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम, खुलासे व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लालपुर में हुयी हत्या की घटना के सम्बन्ध में दिनांक 5 मई को थाना रूरा पर 04 लोगो पर नामजद अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था । जिसमे थाना रुरा पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए 6 मई को मुखबिर खास की सूचना पर नामजद अभियुक्त 1. चन्द्रभान उर्फ करोडे पुत्र अरविन्द्र व 2. 01 नफर अभियुक्ता निवासीगण ग्राम लालपुर द्धद्ध थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को तिगाई बम्बा भिखनापुर के पास थाना क्षेत्र रूरा से मात्र 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त चन्द्रभान की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद फावडा बरामद किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार माती कानपुर देहात भेजा गया।अभियुक्त चन्द्रभान द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि कल हमारे गांव में पडोसी देवेन्द्र सिंह उर्फ ठाकुर से झगडा हो गया था जिस पर मैंने हाथ में लिये फावडे से देवेन्द्र सिंह के सर में मार दिया था जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थी । उसी के डर से हम छिपते छिपाते भागने की फिराक में थे कि आप लोगों द्वारा पकड लिया गया गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम प्र0नि0 शिवनारायन सिंह,का0 जयनारायन का0 अरूण चन्द्रा म0का0 सिन्धू का सरहनीय योगदान रहा।

# बिल्हौर मकनपुर जायरीनों के साथ बंधक बनाकर हुई लूट



लोक जन संदेश बिल्हौर
सुरजीत पाल

अरौल थानाक्षेत्र के मकनपुर में बदमाशों ने फर्जी पुलिस कर्मी बनकर तीन जायरीनों से ऑनलाइन दो लाख रुपये फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए थे। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस की कई टीमों ने तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस को सर्विलांस टीम की मदद से आरोपियों की लोकेशन अरौल विषधन रोड के पास मिली इस पर पुलिस ने चेकिंग शुरू की। पुलिस की चेकिंग देखकर कार सवार ने बैरियर को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर बदमाश खुद को घिरता देख बाहर भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक आरोपी सूर्या उर्फ सूर्यकांत के पैर में गोली जा लगी। जबकि उसके साथी दिव्यांशु, ऋषु, अमन को पुलिस ने पकड़ लिया। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस और लूट में प्रयुक्त कार बरामद हुई।

ये है पूरा मामला

अरौल थाना क्षेत्र के ऐतिहासिक मकनपुर कस्बे की जिदंशाह की मजार पर मध्य प्रदेश से दर्शन को आए तीन जायरीनों को पुलिस की वर्दी में तीन लुटेरों ने लूट लिया। मध्य प्रदेश के दमोह जनपद निवासी वसीम खान पुत्र मोबीन खान अपने दो साथी सौरभ ताम्रकार व आसिफ खान के साथ मकनपुर दरगाह में माथा टेकने आए थे। अपनी कार से मकनपुर कस्बे के समीप ही बिल्हौर -रसूलाबाद -मकनपुर रोड पर देवकली गांव के सामने ही पुलिस की वर्दी में कार सवार आए चार युवकों ने तीनों युवकों को बंधक बना लिया और उनको डरा धमका कर अपने साथ कार मे पनकी लेकर चले गए।

पूरी रात उन्होंने तीनों युवकों को अपने साथ रखा और उनके पास सोने की चेन, ब्रेसलेट, स्मार्ट वॉच, मोबाइल फोन सहित सभी प्रकार की नकदी छिना ली। फिर परिजनों को फोन पर तीनों युवकों के एनकाउंटर करने की धमकी देते हुए उनसे दो लाख रूपये की मांग की। हालांकि पुलिस की ओर से इन पैसे की पुष्टि नहीं की गई लेकिन पीड़ित के भाई हसीन खान ने बताया कि उनकी ओर से एक लाख रूपये लुटेरों के फोन पे के माध्यम से डाल दिया गया है।

# एक साथ एक छत के नीचे हुआ 12 मुस्लिम जोड़ों का निकाह





चेतन जैन
इटावा

कटरा शमशेर खां जिन्नातों वाली मस्जिद के पास स्थित राधे राधे गार्डन में ऑल इंडिया व उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट की तरफ से एक साथ एक छत के नीचे हुआ 12 मुस्लिम जोड़ों का निकाह ।शादी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अल्लामा व मौलाना हज़रत सैय्यद अशरफ मियां राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इण्डिया उलेमा माशाइख बोर्ड की मौजूदगी में हुआ निकाह । निकाह की रस्म के बाद हज़रत मौलाना सैय्यद अशरफ मियां ने उन 12 जोड़ों के लिए ,और जिन लोगों ने इस शादी सम्मेलन में भाग लिया और जिन लोगों ने इस शादी सम्मेलन में अपना अपना सहयोग एवं योगदान दिया उन सभी लोगों के लिए हजरत ने खुदा से दुआ मांगी और कहा कि जिन लोगों ने इस शादी सम्मेलन में अपना योगदान दिया उनका जीवन खुशियों भरा बना रहे, और खुदा उनको हर बुरी नज़र से बचाए, कारोबार में बरकत अता फरमाए एवं हर बीमारी बला से उन सभी को खुदा बचाए।अल्लामा मौलाना हजरत सैय्यद अशरफ मियां ने जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि हर शौहर की जिम्मेदारी है कि वह अपनी बीबी की हर जरूर और ख्वाहिशों को पूरा करे और हर बीबी की जिम्मेदारी है कि वह अपने शौहर के हर सुख दुख में उसका साथ दे और उसके लिए राहत बने । कार्यक्रम से पूर्व ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद सेक्रेटरी हाजी आफताब , रियाज़ अब्बासी ,अजहर फरीदी,इटावा यूनिट की टीम के पदाधिकारियों ने अल्लामा मौलाना हजरत सैय्यद अशरफ मियां का गलपोशी कर स्वागत सम्मान किया।कार्यक्रम का आगाज हाफिज कैफ ने कुरान पाक की तिलावत से किया। संचालन हिंदुस्तान के मशहूर शायर इंतखाब आलम रौनक इटावी ने अपने खूबसूरत शायराना अंदाज में किया। निकाह की रस्म काज़ी मोहम्मद उमर ,मौलाना वाजिद अशरफी आदि ने की। इटावा, फिरोजाबाद, औरैया ,आगरा, मथुरा,भोपाल, ग्वालियर आदि जनपदों से दूल्हा दुल्हन के साथ उनके परिवार के लोग भी मौजूद रहे ।सभी के सहयोग से दूल्हा दुल्हन को गिफ्ट भी दिए गए ।शादी सम्मेलन दोपहर के समय संपन्न हुआ। जिसमें जनपद से काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया ।और इस नेक काम की समाजसेवियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की । ऑल इंडिया उलेमा मशाईख बोर्ड इटावा यूनिट के इस काम के लिए समाजसेवियों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इटावा जिले में ये सबसे नेक काम है इससे आम जनता का भला भी है । यूनिट के जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ,सेक्रेटरी हाजी शेख आफताब, मुमताज अहमद, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम, शेख नबाव ,मुराद अली , अशलम अशरफी , सलाहकार कासिम फारूखी (सी सी टी वी) ,महफूज , नाजिम खान,फरमान,शालू भाई,शरीफ भाई,राजा हाजी जी ,शाकिर हाजी जी ,इरशाद हाजी ,शहीद पहलवान, शेख मुस्तकीम, रजाकर इमरान खान ,निहाल भाई, चांद भाई फर्नीचर वाले , अजहर फरीदी,समीर राइन,नगर अध्यक्ष अनस उर्फ कैफ ,अकरम अंडे वाले,तहसीन अंडे वाले आदि लोगों ने इस नेक काम को सफल बनाने में काफी मेहनत की ।और उसे अपनी मंजिल तक पहुंचाने में सहयोग किया। शादी समारोह में डॉक्टर सोएब नईमी साहब , इंसानी भाईचारा समीति के अध्यक्ष मोहम्मद अमीन भाई, हाजी रईस, बाई के शफी,हाजी अजीम भाई ,सद्दाम , जहीर आरा मशीन ,हाजी साजिद काज़ी पेट्रोल पंप वाले ,अरशद अहमद ,मौलाना कमालुद्दीन, जसवंतनगर यूनिट के नगर अध्यक्ष अब्दुल्ला अशर्फी ,नगर सचिव आमिर खान ,आदि जसवंतनगर यूनिट के लोगों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा ।कार्यक्रम सफलतापूर्वक होने पर यूनिट के लोगों ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# व्यापार मण्डल ने व्यापारियों से मतदान करने की अपील



चेतन जैन

इटावा। भारतीय उधोग व्यापार मंडल की बैठक शहर के होटल अमर आशियाना में जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला महामंत्री आकाशदीप जैन ने कहा लोकसभा निर्वाचन में सभी व्यापारियों अपने परिजनों एवं कर्मचारियों के साथ शत प्रतिशत मतदान कर देश की सरकार को चुने जिससे देश एवं व्यापारियों को लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में महिला व्यवसायी शुभा चौहान, कम्प्यूटर व्यवसायी अत्रि दीक्षित एवं व्यवसायी सुदीप पाल को संगठन में जोड़ कर सदस्यता प्रमाण पत्र दिया गया। शहर अध्यक्ष रजत जैन ने कहा व्यापारियों को आ रही समस्याओं को शासन प्रशासन के समक्ष रख कर उनका निस्तारण करवाया जायेगा। बैठक में मण्डल अध्यक्ष आकांक्षा गुप्ता, मण्डल उपाध्यक्ष डॉ.सुधीर गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष रीना जैन, महिला जिला महामंत्री दीपिका गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, राजेश अग्रवाल, हिमांशू सैनी, शहर महामंत्री सर्वेश जोशी, शहर कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता आदि रहे।

# मैनपुरी में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर अभद्रता के विरोध में, जिला अध्यक्ष भाजपा ने कार्यकर्ताओं सहित ज्ञापन सौंपा

चेतन जैन
इटावा

मैनपुरी लोकसभा में महापुरुष महाराणा प्रताप व भामाशाह की प्रतिमा पर एवं कन्नौज लोकसभा में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से अशोभनीय कृत्य एवं अपमानित करने के सम्बंध में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने जिलाधिकारी प्रतिनिधि एसडीएम विक्रम राघव को सौंपा।जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि चुनावी हार की बौखलाहट में बीती 4 मई शनिवार को समाजवादी पार्टी द्वारा मैनपुरी में आयोजित चुनावी रोड़ शो यात्रा नगर के प्रमुख सड़को से निकलती हुई, राष्ट्रभक्त वीर योद्धा महाराणा प्रताप मूर्ति जो करहल चौराहे पर स्थापित है वहाँ पहुँची तो सैकड़ो समाजवादी पार्टी के अराजक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर अपमानित करके चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की




गई। सनातन धर्म के अत्यंत सम्मानित महापुरुष के अपमान द्वारा सनातन धर्म का अपमान कर उन्हें उद्देलित व आक्रोशित करने का षड्यंत्र जानबूझकर समाजवादी पार्टी द्वारा किया जा रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में धर्मपत्नी व सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव के रोड़ शो में मुगलों से बड़ी लड़ाई लड़ने वाले, भारत की रक्षा के लिए घास की रोटी खाना स्वीकार किया, मुगलों के आगे नही झुकें, ऐसे भारत माता के वीर सपूत महाराणा प्रताप की प्रतिमा को सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा अपमानित किया जाना एवं उनकी प्रतिमा का तोड़ फोड़ करना तथा पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया जाना उनकी दिवंगत माता के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जाना एवं यूपी सीएम योगि आदित्यनाथ के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग बेहद निंदनीय है।इस दौरान जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, जिला मंत्री रजत चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला, सह-मीडिया प्रभारी आशीष चौहान, विधानसभा मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, गोविंद दुबे, एडवोकेट महेंद्र सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, एकलव्य भदौरिया, राधे राजावत, गोलू ठाकुर, कन्हैया दुबे उपस्थित रहें।

# शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हम सभी का अधिकार व कर्तव्य: चेयरमैन





लोक जन सन्देश।

बहराइच, ज़की सिद्दीकी, ब्यूरो। विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान के संकल्प को लेकर समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति की एक जन जागरूकता बैठक बीते रविवार को देर शाम कस्बा रुपईडीहा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति महामंत्री जगराम वर्मा व संचालन अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य रहे। समिति जिला संरक्षक सुभाष चंद्र जैन के रूपईडीहा स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित इस बैठक मे लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान करने पर चर्चा हुई तथा पहले मतदान, फिर जलपान का सामूहिक संकल्प लिया गया। तत्पश्चात समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा द्वारा शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के अंत मे समिति द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम सम्मान आपके द्वार के तहत कस्बा के दिव्यांग युवा समाजसेवी व व्यापारी सचिन जैन को समिति द्वारा माल्यार्पण करते हुये प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ॰ उमाशंकर वैश्य ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हम सभी का अधिकार व प्रथम कर्तव्य है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कौसर, सचिव शेर सिंह कसौधन, संरक्षक सुभाष चंद्र जैन अंकल जी, सहित रामसूरत यादव, रामदीन गौतम, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार, श्याम कुमार मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव, उमेश जैन, राम बारन वर्मा, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने विकास किया है और फिर विकास ही करेगी: केशव मौर्य

लोक जन सन्देश।

बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। बलहा विधानसभा क्षेत्र के उर्रा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चार जून को भाजपा 400 पार जा रही है। साइकिल पंचर हो गया है। हाथी बूढ़ा हो चला है। जिले के ग्राम पंचायत उर्रा के कारीकोट मैदान में आयोजित जनसभा में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर दो बजे हेलीकाप्टर से उतरे। इसके बाद उनका भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, विधायक सरोज सोनकर, प्रत्याशी आनंद गौड़, पिंटू मौर्य और अभिषेक मौर्य ने स्वागत किया। इसके बाद भगवान बुद्ध की स्मृति चिन्ह दी गई। उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब जनता, किसान और व्यापारी भाजपा के साथ है। भाजपा ने सभी वर्ग को साथ लेकर




काम किया है। ऐसे में भाजपा ने बहराइच सुरक्षित सीट से युवा और पढ़े लिखे डॉक्टर आनंद गौड़ को प्रत्याशी बनाया है। सभी लोग भरी मतों से सांसद बनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास किया है और फिर विकास ही करेगी। भाजपा की ही सरकार जनता बनवाएगी। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व कांग्रेस के नेता प्रमोद कृष्णम के द्वारा दिए गए बयान के बारे में कहा कि कांग्रेस की सरकार फिलहाल आने वाली नहीं है। अगर आ भी गई तो वह राम मंदिर और धारा 370 पर कुछ नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले से ही चाहती है कि राम मंदिर के स्थान संग्रहालय बने, लेकिन यह सन आसतन समाज की एकजुटता का संदेश है कि अयोध्या में राम लला विराजमान हुए हैं। सभा के बाद उन्होंने भीड़ का अभिवादन किया और जनता से मिलते हुए लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्मा, अरुणेंद्र सिंह अंकित, हरिश्चंद्र गुप्ता, योगेश प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# मूर्ति को अपमानित करने पर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



बांदा-मैनपुरी में समाजवादियों द्वारा महाराणा प्रताप की मूर्ति को अपमानित किये जाने से नाराज़ भाजपाइयों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। समाजवादियों द्वारा मोदी और योगी के ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी का भी जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ विरोध जताया। सोमवार को डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भाजपाइयों के साथ प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने समाजवादी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ढोलबजाकर मतदाताओं को किया जागरूक



बांदा-जिले के कालिंजर कस्बा में कंपोंजिट परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली का शुभांरभ पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने झंडी दिखाकर किया। ढोल नगाड़ों के साथ बच्चे गांव की गलियों में नारे लगाते हुए भ्रमण किया। पदमश्री उमाशंकर ने स्वयं ढोल बजा कर गांव के मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने ने नारा लगाते हुए कहा कि पहले मतदान फिर जलपान। इस दौरान नरैनी ब्लाक के बीडीओ आदि कर्मचारी मौजूद रहे। बच्चों के साथ शिक्षकों व गणमान्य नागरिक योगेंद्र द्विवेदी, आलोक, रिंकू आदि ने भी प्रतिभाग किया।

# व्यय लेखा प्रस्तुत करने को तिथियां निर्धारित

बांदा-जिलाधिकारी-रिटर्निंग आफीसर ने समस्त प्रत्याशी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को सूचित कर बताया कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सार संग्रह अनुलग्नक ग-15 के अनुपालन में व्यय प्रेक्षक से सहमति प्राप्त करने के उपरांत खर्च किया जा सकेगा। व्यय लेखे का तालिका के अनुसार निरीक्षण के निर्देश दिए। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने को दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, बिल-बाउचर एवं बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रत्तियां 3 प्रतियों में प्रस्तुत करना आवश्यक है। लेखा प्रस्तुत करने से एक दिन पूर्व तक का समस्त विवरण व्यय लेखा रजिस्टर में प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित प्रत्याशी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये उनके जनसभा, जुलूस, वाहन आदि की अनुमत्ति पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बताया कि प्रथम निरीक्षण 9 मई प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे, सभागार कलेक्ट्रेट में होगा। द्वित्तीय निरीक्षण 14 मई, तृतीय निरीक्षण 18 मई को होगा। प्रत्याशी उपरोक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगें।

# दो को छह माह के लिए किया जिला बदर

बांदा-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को संपन्न कराये जाने की कार्यवाही के क्रम में 2 अभियुक्तों को गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत निरुद्ध किया गया। कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 6 माह के लिये जिला बदर घोषित कराया गया। महताब पुत्र एहसानुल हक निवासी भगवती नगर कस्बा व थाना तिंदवारी, अशोक कुमार यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी जगदेव पुरवा मजरा सांड़ासानी थाना कमासिन, लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। इन पर क्रमशः थाना तिंदवारी व थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त किसी न किसी माध्यम से लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते थे। इसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा अधिनियम 1970 के तहत गुण्डा घोषित कराते हुये 6 माह के लिये जिला बदर कराया गया।

# प्रेक्षकों ने बांदा-चित्रकूट के अधिकारियों के साथ की बैठक



बांदा-लोकसभा सामान्य निर्वाचन कराए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सामान्य प्रेक्षक वी0कलाईराशि की अध्यक्षता में व पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास, व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती की उपस्थिति में सर्किट हाउस सभागार में बैठक हुयी। सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के संबंध में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराए जाने, मतदान कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया व कार्यों के बारे में गहनता से बेहतर प्रशिक्षण दिलाए जाने के निर्देश दिए। मतदान कार्मिकों को भी मतदान करने हेतु प्रशिक्षण के समय पोस्टल वैलेट के द्वारा मतदान हेतु फैसिलिटेशन सेंटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रेक्षक ने निर्वाचन के संबंध में पुलिस की कार्यवाही, चेकिंग एवं बॉर्डर पॉइंटों पर नियमित रूप से दिन-रात चेकिंग कराए जाने के निर्देश दिए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तेज गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य संबंधी बचाव हेतु आवश्यक वस्तुओं का उपयोग करने की सलाह दी। मतदान पार्टी रवानगी, मतदान दिवस व मतदान पार्टी की वापसी के समय बेहतर ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा-जोखा विधिवत तैयार करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यो की तैयारी के संबंध में प्रेजेंटेशन के द्वारा जानकारी दी। मतदान केद्रों का विवरण, कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था, निर्वाचन से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराए जाने के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केद्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, जिला सुरक्षा प्लान के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बांदा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकूट, प्रभारी अधिकारी कार्मिक, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सहित निर्वाचन कार्यों से जुड़े नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान



बांदा- बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत परास गांव में आग लगने से भारी नुकसान की संभावना जतायी जा रही है। शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से युवक झुलस गया। जिसमें घर में रखे लाखों के सामान का नुकसान बताया जा रहा है। गृहस्थी के समान साथ आधा दर्जन मवेशी भी जल कर झुलस गए। वहीं आग से झुलसे युवक को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।युवक की एक भैंस, पडिया, चार बकरी, साईकिल सहित अन्य सामान जल गया। आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझायी गयी तब तक सामग्री जलकर राख हो गयी थी। गांव वालों ने बताया कि आग की चपेट से अगल बगल के भी 3 मकान भी आये है।

# सरकार गठन का नहीं बल्कि संविधान बचाने का चुनाव बृजभूषण सिंह परिहार समाजवादी चिंतक



लोकजन संदेश

कानपुर देहात आज समाजवादी पार्टी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ , कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री बृजभूषण सिंह परिहार अकेला ने पेगासस , नोटबंदी , लगभग 700 किसानों की शहादत , महिला पहलवानों के साथ हुए अन्याय एवं संसद में गरिमा पूर्ण बहस ना होने के तमाम सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान समय में एक तरफ गरीबी , बेरोजगारी , शोषण , विषमता और दासता से ज़ख्मी इंसान अपनी आर्थिक मुक्ति , समृद्धि और समानता के लिए ऐतिहासिक संघर्ष कर रहा है । दूसरी तरफ प्रचार तंत्र , प्रोपेगेंडा , राजनीतिक धार्मिक विभाजन , पी आर कंपनियां एवं राजनीतिक बाजार का कर्णफोड़ू कोलाहल है । ऐसे कोलाहल में आम आदमी की पीड़ा , संघर्ष , और आत्मविश्वास दम तोड़ रहा है । अकबरपुर लोकसभा के वर्तमान सांसद को 10 वर्ष में भी संसदीय क्षेत्र की लगभग 60त्न आबादी चेहरे से पहचानती ही नहीं है , सीधा सा तात्पर्य है की ऐसे प्रतिनिधि जन सरोकारों से संबंध ही नहीं रखते हैं ।21वीं शताब्दी में इससे ज्यादा भद्दा मजाक क्या हो सकता है । वर्तमान सरकार के पहले भारत का प्रत्येक गांव साक्षात लघु भारत था , वर्तमान समय में वही गांव सवर्ण , पिछड़ा दाल आईटी दलित हिंदू मुस्लिम में बुरी तरह बंट गया है , जिससे गांव की आत्मा घायल हो चुकी है । सहिष्णुता , भाईचारा और आपसी सौहार्द खतरे में है । देश की आजादी की लड़ाई भी आम लोगों के द्वारा ही लड़ी गई , वर्तमान समय में पूंजीवादी संस्कृति के खिलाफ एक और जंग है ।संविधान की प्रस्तावना के महत्वपूर्ण शब्द समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की खुलेआम डकैती डाली गई , देश का आम नागरिक देखता रह गया , वर्तमान चुनाव परिवर्तन की आहट है ।परिवर्तन का स्वागत करना ही सामाजिक प्रगतिवाद है ।

# अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री में छापा, एक गिरफ्तार

## भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद





मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में सदर क्षेत्राअधिकारी अकबरपुर तनु उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में गजनेर पुलिस ने थाना क्षेत्र के नहर कोठी खनपना में अवैध असलहे बनाये जाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर एक शातिर को दबोच लिया। साथ ही पुलिस ने भारी संख्या में बने अधबने असलहे व उपकरण भी बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। इंस्पेक्टर गजनेर दिलीप कुमार बिंद को खनपना के पास सुनसान स्थान पर नहर कोठी में अवैध असलहा बनाए जाने की सूचना मिली। इस पर उन्होंने पुलिस टीम के साथ वहां छापा मारकर ग्राम भगवंत पुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर के रहने वाले समीम उर्फ सलीम को असलहा बनाते हुए दबोच लिया। पुलिस ने वहां से दो बने, दो अधबने तमंचे, एक अर्धनिर्मित 315 बोर की रायफल, 9 तमंचे की नाल, 3 जिन्दा कारतूस, एक 12 बोर कारतूस तथा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने वाले उपकरण बरामद किए। सीओ सदर तनु उपाध्याय ने बताया कि पकडा गया युवक शातिर अपराधी किस्म का है।उसके खिलाफ उन्नाव सचेंडी कानपुर नगर , जहानाबाद फतेहपुर में पहले से ही के खिलाफ चोरी, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर वा शास्त्र अधिनियम आदि के दस मुकदमें दर्ज हैं। उसके खिलाफ गजनेर में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

# आज आयेंगे अखिलेश ,तैयारियां हुई संपन्न



बिधनू- कानपुर सागर हाईवे पर मगरासा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में बने मैदान में मंगलवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं।जिसको लेकर मैदान में इंडिया गठबंधन के अकबरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी पूर्व सांसद राजाराम पाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वहां का जायजा लिया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।पार्टी कार्यकर्ता ने बताया कि माननीय अखिलेश यादव जी लगभग एक घंटा तक जनसभा को सम्बोधित करेंगे।साथ ही कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी देंगे।जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ यादव ने बताया की लोगों के आने जाने की सुविधा हेतु अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से तकरीबन 60 बसें सहित अन्य चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है।पांडाल भी सज कर तैयार हो चुका है।वहीं हेलीपैड भी बन कर तैयार हो चुका है।इस मौके पर पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला,महेश यादव,सोनू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद की कानपुर जिले में हुई बैठक



लोक जन संदेश बिल्हौर
सुरजीत पाल

विश्व हिंदू परिषद जिला कानपुर जिला बिल्हौर प्रखण्ड चौबेपुर जिला कन्नौज की बैठक में पहुंचे क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र जी प्रांत संगठन मंत्री परमेश्वर जी का फुल मालाओं से हुआ जोरदार स्वागत अपको बता दें वही प्रांत सह मंत्री श्रीमान अवधेश का पाथेय प्राप्त हुआ, संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की तथा राष्ट्रहित एवं धर्म हित में स्वयं मतदान करने का तथा समाज को प्रेरित करने का आवाहन किया। बैठक में जिला मंत्री संगठन मंत्री एवं विभाग जिला तथा प्रखंड के कार्यकर्ता और कार्यकर्णी जिला अध्यक्ष अनुभव कटिहार विहिप उपस्थिति रहे।

# दुष्कर्म के 20 हजार इनामी आरोपी चल रहे फरार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुष्पेन्द्र कुमार
लोकजन संदेश



कानपुर देहात रसूलाबाद 20 हजार इनामी दुष्कर्म के आरोपी चल रहे हैं चल रहे फरार को रसूलाबाद पुलिस ने किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु एवं वाँछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलाबाद पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त 1. शराफत पुत्र स्व0 महमूद निवासी ग्राम दलेलपुर थाना बिल्हौर जनपद कानपुर नगर की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय से विवेचक द्वारा एनबीडब्ल्यू प्राप्त किया गया था और 82 सीआरपीसी का तामीला कराया गया तथा गिरफ्तार न होने पर अभियुक्त शराफत उपरोक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय की अवहेलना करने पर मु0अ0सं0 23/2024 धारा 174ए भादवि में पंजीकृत कराया गया एवं अभियुक्त की सम्पत्ति की कुर्की नियमानुसार अन्तर्गत धारा 83 सीआरपीसी के तहत की गयी । अभियुक्त के तब भी गिरफ्तार न होने पर अभियुक्त शराफत पर 20,000 रुपये का इनाम पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात द्वारा 10 अप्रैल को घोषित किया गया था। और वही 6 अप्रैल को थाना रसूलाबाद पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर रसूलाबाद ककवन रोड शहबाजपुर नहर पुल के पास से मय एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफतार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।गिरफ्तारी करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस व सर्विलांस टीम प्र0 नि0 मुकेश कुमार सोलंकी,उ0नि0 कृपाल सिंह चौकी प्रभारी तिश्ती, का0 अर्जुन सिंह, का0 शैलेन्द्र चौधरी ,का0 केशव यादव सर्विलांस टीम का सरहनीय योगदान रहा।

# हरियाणा की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती , उपचुनाव के साथ-साथ लोकसभा की सभी सीट जीतकर हम इतिहास बनाएंगे: पूर्व सीएम मनोहर लाल

करनाल , हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को भव्य रोड़ शो के बाद करनाल में नामांकन दाखिल किया। इससे पहले दोनों ने जनसभा की। इसके बाद निकले रोड शो में उमड़ी भीड़ के साथ दोनों नेता नामांकन स्थल पर पहुंचे और नामांकन किया। सीएम नायब सैनी के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी सुमन सैनी ने नामांकन दाखिल किया ।जबकि मनोहर लाल के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर करनाल से मौजूदा सांसद संजय भाटिया ने नामांकन किया। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया,मंत्री महिपाल ढांडा और सुभाष सुधा, विधायक सुरेंद्र नागर, हरविंदर कल्याण, रामकुमार कश्यप, प्रमोद विज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पूरे हरियाणा की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है और आज करनाल में मनोहर लाल ने नामांकन किया है। नामांकन पत्र भरने के बाद सीएम नायब सैनी ने कहा कि करनाल विधानसभा से भी भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी जीत हासिल करेगी और नरेंद्र मोदी जी की झोली में 10 कमल डालकर आएंगे। वहीं एक कमल चंडीगढ़ लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा की जनता का साथ मिल रहा है ।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह एक-एक बूथ पर बड़ी जीत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार होली और दिवाली हमारे पर्व है, इसी प्रकार चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और हमें इस महापर्व



में एक-एक वोट को महत्वपूर्ण मानते हुए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बड़े अंतर से चुनाव जितवाकर मनोहर लाल को बड़ी पंचायत में भेजने का काम करें। दूसरी तरफ हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल नामांकन भरने पहुंचे। मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें जनता का साथ और भरपूर प्यार मिल रहा है। जिसके बल पर वो कह सकते हैं कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में सभी लोकसभा सीट जीतकर क्लीन स्वीप करेगी। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में करनाल से भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत हासिल करेगी।

मनोहर लाल का कार्यकर्ताओं से आह्वान एकजुट होकर मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य को सार्थक करें

नामांकन पत्र भरने से पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं को विजय रैली में संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के सबसे बड़े नेता हैं। आज जब भी कोई विश्व में संकट आता है तो विश्व भर के नेता संकट के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क स्थापित करते हैं और उसका समाधान पूछते हैं। उन्होंने वर्तमान लोकसभा चुनाव को धर्म और अधर्म तथा न्याय और अन्याय के बीच लड़ाई बताते हुए कहा कि एक ओर भाजपा के रूप में धर्म और न्याय है तो दूसरी ओर भाजपा विरोधी ताकते है,जोकि धर्म के विरुद्ध और अन्याय की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि वह एकजुट होकर इस लड़ाई में नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने में अपना योगदान दें। मनोहर लाल ने करनाल विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को बड़े अंतर से चुनाव जितवाने की अपील की ।नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले दोनों नेताओं ने एक साथ यहां विजय यात्रा निकाली। यह विजय यात्रा रामलीला मैदान रेलवे रोड से प्रारंभ हुई, जो भगवान वाल्मीकि चौक, नेताजी सुभाष बाजार, ओल्ड बठला केमिस्ट, ए-1 स्वीट्स, चेतन गारमेंटस, महावीर जैन स्वामी चौक, नेहरू पैलेस, ओपीएस ज्वैलर्स, महाबीर दल, स्कूटर मार्केट, सनातन धर्म मंदिर, कर्ण स्वीट्स, सुविधा, निर्मल जूस कॉर्नर, ज्ञान भूषण अस्पताल, भारती इलेक्ट्रानिक्स, लीला ग्रैंड, भगवान परशुराम चौक, होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन, कार एक्सपर्ट, पेट्रोल पंप सेक्टर-12, पाठक अस्पताल होते हुए सेक्टर-12 मार्केट पहुंची ।कई किलोमीटर तक भाजपा समर्थकों का हुजूम देखकर भाजपा नेताओं का विश्वास दृढ़ करने के लिए प्रयाप्त था कि करनाल से दोनों ही प्रत्याशियों की जीत का मार्जिन इस बार एतिहासिक हो सकता है। हजारों लोगों के मुंह से निकले मोदी-मोदी के उद्घोष से वातावरण घंटों तक मोदीमय रहा। यहां सेक्टर 12 में लघु सचिवालय में दोनों नेताओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## चुनाव का पर्व-देश का गर्वः जिला में 25 मई को होगा मतदान , जिला में जगह-जगह लगी प्रचार सामग्री मतदाताओं को बढ़चढ़ कर मतदान करने दे रही संदेश



(सुमित गर्ग /जींद)

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा सहित जिला प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है ।जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा राज्य परिवहन की बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने का आह्व्हान कर रही हैं। इसके अलावा जिला में जगह-जगह लगी मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, स्टैंडी, बैनर, होर्डिंग्स आदि मतदाताओं को बढ़चढकर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रहे हैं ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला के विभिन्न बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। इन पोस्टरों में आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए', 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर ' जैसे जागरूकता स्लोगन व टैगलाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। बसों पर लगी प्रचार-सामग्री के माध्यम से आमजन को मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 की भी जानकारी दी जा रही है।

## जिले में नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करने वालों को नशीला पदार्थ मुहैया करवाने वाला मुख्य नशा तस्कर पुलिस ने किया गिरफतार

(सुमित गर्ग/जींद)

पुलिस अधीक्षक जीन्द सुमित कुमार द्वारा जीन्द से नशे को जड़ से खत्म करने के सपने को पूरा करते हुए जिला पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में कडी से कडी जोडते हुए एक मुख्य नशा तस्कर को पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है जो जिला जीन्द में नशा बेचने का काम करने वालों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ मुहैया कराया था ।बता दें कि दिनांक 20.03.2021 को सीआईए स्टाफ जीन्द की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए नजदीक गांव निर्जन टी. प्वाईट जीन्द से सफीदो रोड़मौजुद थे उप निरीक्षक आशीष कुमार को गुस्त सूचना मिली कि मनीष व स्वरूप सिंह निवासी राम नगर कालोनी रोहतक रोड़ जीन्द जो दोनों पिता पुत्र है नशीला पदार्थ बेचने का धन्धा करते है। आज दोनों पिता-पुत्र अपने मोटरसाईकिल पर सवार होकर काफी मात्रा में नशीला पदार्थ बेचने के लिये लेकर गोहाना की तरफ जाने वाले है। जिस सूचना पर टीम ने गोहाना रोड़ जीन्द पहुंचकर गांव पिण्डारा में निर्माणाधीन पुल पार करके गोहाना रोड़ पर नाकाबन्दी शूरू की गई तो करीब आधा घंटा बाद एक मोटरसाईकिल पर दो आदमी सवार थे आते दिखाई दिए। मोटरसाईकिल



चालक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर एक दम मोटरसाईकिल को रोककर वापिस पीछे मोड़कर भागने की कोशिश की तो टीम ने दोनो को तुरंत प्रभाव से काबू कर लिया। डियुटी मैजिस्ट्रैट प्रमेश कुमार को मौके पर बुलाकर दोनों की तलाषी ली गई तो थैला में दो बन्डल जो कि प्लास्टिक थैली व टेप में लिपटे हुए मिले दोनो बन्डलो को खोलकर चैक किया तो दोनो बन्डलो में चरस (सुल्फा) बरादम हुआ जिसका कुल वजन 2 किलो 40 ग्राम हुआ। जिस पर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाईन जीन्द में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के साथ गहनता से पूछताछ की तो उन्होंने यह सुल्फा सुनील वासी मंदोरी जिला सोनीपत हाल निवासी राम नगर रोहतक रोड जीन्द से खरीदा था ।आरोपी का नाम सामने आते ही पुलिस ने लगातार आरोपी सुनील के ठिकानों पर दबिश दी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी को 3 साल बाद तलाश करके गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह मार्च 2021 में दिल्ली यमुनापार झुग्गियों से 2 किलो 500 ग्राम चरस खरीद कर लाया था उसमें से कुछ सुल्फा पीने वालों को बेच दिया और 2 किलो 40 ग्राम सुल्फा उसने स्वरूप सिंह को बेच दिया। आरोपी को आज अदालत में पेश करके दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

## हिसार तै जयप्रकाश ने जीता दयो मैं थारी हरियाणा में सरकार बना दूंगा : भूपेंद्र हुड्डा





(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

हिसार इंडिया गठबधन के हिसार लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जयप्रकाश ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान सहित पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इससे पूर्व जयप्रकाश का दिल्ली बाईपास रोड़ स्थित ब्लू बर्ड ट्यूरिजम से रोड़ शुरू हुआ। हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रोड़ शो का नेतृत्व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने किया। रोड़ शो के दौरान हाउसिंग बोर्ड सिरसा रोड़, अनाज मंडी, क्लोथ मार्केट, तलाकी गेट, नागोरी गेट, पारिजात चौक, गणेश मार्केट, रानी लक्ष्मीबाई चौक, फव्वारा चौक होते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे। पूरे रास्ते हर स्थान पर इंडिया गठबधन के प्रत्याशी जय प्रकाश व उनके साथ सभी वरिष्ठ पार्टी नेताओं का फूलमालाओं के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर दुकानों की छतों से कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने फूलों की वर्षा की। रोड़ शो के दौरान उमड़े हजारों के जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आप जयप्रकाश को लाखों-लाख वोटों से जीताने का काम करें। आने वाले विधानसभा में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार मैं थारी ल्यादूंगा। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश जैसा ईमानादार , बहादुर और काम करने वाला आदमी थामनै कड्यै कौनी मिलै। इसलिए जयप्रकाश को जीताकर संसद में भेजने का काम करें थारै सारे काम बणगै। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी द्वारा किये गये वायदे प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, 15 लाख खाते में डालने, किसानों की आय दुगनी करने, काला धन वापस लाने एवं अन्य लोक लुभावने वायदे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंनें मतदाताओं से अपील की कि वे हरियाणा में 25 मई को लोकसभा चुनाव मतदान में अपने वोट का सही इस्तेमाल करें और कांग्रेस इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से जीताकर भेजें तभी हरियाणा का विकास सम्भव हो सकेगा ।रोड़ शो में उमड़ा अपार जनसमूह को देखकर गदगद हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि आने वाली 25 मई को समझो भाजपा गई। जयप्रकाश को हिसार की जनता का पूरा आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली बीजेपी ने हमेशा झूठी जुमलेबाजी की राजनीति की है। अब की बार लोग बीजेपी के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व श्रम क्षेत्र एवं युवाओं व मजदूरों का बुरा हाल है। हर वर्ग बीजेपी की सरकार से दुखी है।

## मार्ग दुर्घटनाओं में तहसील कर्मचारी, रसोइया समेत चार की मृत्यु





लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। चार पहिया वाहन सवार तहसील के दो कर्मचारी आधी रात को गोंडा बहराइच मार्ग के निकट पेड़ से टकरा गए। दोनों कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोतीपुर और दरगाह क्षेत्र में हुए हादसे में युवकों की मौत हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देवरिया जिले के थाना तरकुलवा अंतर्गत रतनपुरा गांव निवासी नितेश पांडेय (35) पुत्र विनोद पाण्डेय पयागपुर में तहसील में सरकारी जीप चालक थे। जबकि गोंडा जिले के तरबगंज निवासी प्रेम चंद्र (37) पुत्र बृज मोहन तहसील में रसोइया के पद पर तैनात थे। दोनों रविवार रात को चार पहिया वाहन से गोंडा से पयागपुर तहसील जा रहे थे। गोंडा बहराइच मार्ग पर विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में थाना भवन से एक किलोमीटर आगे बहराइच की ओर पहुंचे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंच कर दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा के वार्ड नंबर चार निवासी सईद अहमद (20) पुत्र समीउल्ला की बाइक को कतरनिया बिछिया मार्ग पर मोतीपुर पुलिया के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पुलिया से नीचे गिर गया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में मौत हो गई। बाइक सवार मिहिपुरवा से मोतीपुर गांव जा रहा रहा था। श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के रामपुर कटेल गांव निवासी संजय गौतम (24) पुत्र बच्चे लाल बाइक से बदला चौराहे से रिश्तेदार के यहां गमी में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। रात नौ बजे दरगाह थाना क्षेत्र के दुकारपुर टोल टैक्स के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद में हिसार की हिमायत के लिए जेजेपी सबसे बेहतर विकल्प ,बीजेपी के जुमलों की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती -अजय चौटाला



(सुमित गर्ग/हिसार)

लोककन संदेश जननायक जनता पार्टी ने हिसार में अपनी ताकत दिखाकर विरोधियों की नींद उड़ा दी है। सोमवार को जेजेपी ने हिसार में सुपर-डुपर मेगा शो किया। जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला के नामांकन के अवसर पर अपने क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनाने के लिए हिसार उमड़ा आया। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर नैना चौटाला का नामांकन भरवाया। इससे पहले जेजेपी ने शहर में विशाल जनसभा और रोड शो करके स्थानीय लोगों से वोट की अपील की। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी वाले जुमलों की हांडी दो बार चढ़ा चुके है, हर बार जुमलों की हांडी नहीं चढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि खातों में 15-15 लाख रुपए डालने, दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का जुमला दो बार भाजपा दे चुकी है और इस बार भाजपा ने ईडी द्वारा पकड़े गए धन को लोगों के बीच बांटने का जुमला तीसरी बार दिया है। इस जुमले की हांडी इस बार नहीं चढ़नी वाली, भाजपा 400 तो दूर की बात, वे 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई।

### जींद जिला परिषद वार्ड नंबर 9 से पार्षद बलवान पूनिया भाजपा में शामिल , भाजपा में मिलता है हर कार्यकर्ता को सम्मान : सुभाष बराला



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद जिला के उचाना खुर्द निवासी बलवान पूनिया जिला परिषद वार्ड नंबर 9 से पार्षद ने भाजपा की लोक-कल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं से प्रभावित होकर, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया के प्रयासों से भाजपा में शामिल होकर जन सेवा करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने पार्टी का पटका पहनकर उनका स्वागत किया और उन्हें पार्टी में मान-सम्मान देने का आश्वासन दिया ।बलवान पूनिया ने प्रदेश नेतृत्व को विश्वास दिलाया कि मैं अनुशासन के साथ कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा कारतूस समेत किया गिरफ्तार





दैनिक लोकजन संदेश

सुल्तानपुर- तमंचा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार ।बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा बाज़ार चौकी इंचार्ज चंद्र शेखर सोनकर व हेडकांस्टेबल पवन कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को तमंचा व कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया। थाना क्षेत्र के भखरी गांव मोड़ के पास संदिग्धों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति को पुलिस ने रोका। तलाशी में उसके पास से देसी तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान चक शिवपुर गांव निवासी जय प्रकाश यादव पुत्र राज बहादुर यादव के रूप में हुई ।थानाध्यक्ष आर.बी सुमन ने बताया कि आरोपी पर बल्दीराय थाने में आधा दर्जन मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज हैं ।पूछताछ के बाद उसे संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# गलियों और घरों में धड़ल्ले से चल रहा अवैध बूचड़खाना

## शहर में 40 से अधिक मीट शॉप अवैध

कानपुर। मास की बिक्री को लेकर शहर में नियम कायदे ताक पर है। सूत्रों की माने तो 40 से अधिक मीट शॉप ही बिना लाइसेंस के चल रही है। खास बात तो यह है कि शॉप पर पशु काटने की मनाही है, मगर यहा सब कुछ होता है। मीट को रखने और उसकी बिक्री को लेकर जो नियम है, उनका पालन भी नहीं हो रहा है डेढ़ दो महीना पहले खुद नगर निगम ने सर्वे करके यह पता लगाया था कि शहर में 40 से अधिक मीट शॉप अवैध रूप से चल रही है, मगर इन पर कार्रवाई नहीं हो पाई है।

- शहर में प्रति दिन हज़ारों किलो सप्लाई किया जा रहा गोश्त
- अधिकारी मौन तो बजरंग दल समेत अन्य संस्थाओं को भेजी जा रही शिकायत
- मूलगंज थाना क्षेत्र में अवैध बूचड़खाने का हुआ था खुलासा, अब आगे की बारी
- आगे के अंक में खुलेंगे अवैध बूचड़खाने से जुड़े माफियाओं के नाम



## लोक जन संदेश ने पहले से प्रमुखता से उठाया है मामला

कानपुर। इससे पहले दैनिक लोकजन संदेश ने अपने एक फ़रवरी के अंक में और अप्रैल में अवैध रूप से इमरान कुरैशी और उसके हिस्ट्रीशीटर दोस्त के सहारे इस काम को अंजाम देने की ख़बर को प्रमुखता से छापा था जिसमे मूलगंज थाना क्षेत्र के मिश्री बाज़ार निवासी इमरान कुरैशी के द्वारा मिनी स्लाटर हाउस चलाने की बात कही थी जिसमे सूत्रों के मुताबिक रोजाना इमरान कुरैशी के स्लाटर हाउस में एक दर्जन से कही अधिक प्रतिबंधित जानवर काटने की बात सामने आई थी इसमें इमरान कुरैशी अपने सहयोगियों के साथ मिल कर आस पास के डेढ़ से दो दर्जन क्षेत्रो में अवैध तरीके से भोर पहर बिरयानी के ठेलो और होटलों में माल सप्लाई करवाता था जिसमे मूलगंज, बेकनगंज, कलक्टर गंज, हीरामन का पुरवा, दलेल पुरवा आदि क्षेत्रो में बड़ी संख्या में माल सप्लाई हो रहा था शादी के सीजन पर मांग बढ़ने पर जानवर दिन रात काटे जा रहे थे

## ई रिक्शा में लदा था प्रतिबंधित मांस

कानपुर। पुलिस ने तंग गलियों में भी छानबीन शुरू की वह पुलिस ने रोटी वाली गली से लेकर नई सड़क रिजवी रोड तक फोर्स ने पैदल जाकर गलियों में जांच की जहां एक ई रिक्शा में दो बोरी भरकर मांस भी बरामद किया गया था। इसके बाद मौके पर जांच टीम बुलाई गई थी।

लोकजन संदेश कानपुर 6 मई । बूचड़खानों को लेकर भले ही सरकार की कार्रवाई वैध और अवैध पर आधारित हो, मगर हालात सब जगह एक जैसे है। शहर में तो मीट शॉप या घर में ही बूचड़खाने बन गए है। बेकनगंज, चमनगंज, जूही, मूलगंज, कर्नलगंज, बजरिया, बाबूपुरवा,अनवरगंज, जाजमऊ,ग्वालटोली थाना क्षेत्रों में खुलेआम अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं। शहर का कोई भी इलाका इससे मुक्त नही है। आपको बता दें कि लोकजन संदेश ने पिछले अंक अप्रैल माह में खुलासा किया था कि मूलगंज थानाक्षेत्र के रोटी वाली गली में प्रतिबंधित मांस की बिक्री चल रही थी। जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस को एक ई-रिक्शा में बोरियों में भरा मांस बरामद हुआ था।

वहीं यहा नियम कायदों को ताक पर रखकर पशुओं को काटा जा रहा है। इतना नहीं पहचान के बावजूद 40 से अधिक अवैध मीट शॉप पर कार्रवाई ही नहीं की गई। बता दें कि सरकार की सख्ती के बाद अवैध बूचड़खानों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। लेकिन बावजूद इसके कोई फर्क नही दिखा है। मगर यह तो पहले ही साफ हो चुका है कि शहर में लाइसेंस लेकर जो मीट शॉप चलाई जा रही है, उन पर भी नियमों का मखौल उड़ाया जा रहा है। जो बिना लाइसेंस चल रही है, वहा पर तो सब कुछ अवैध ही है। खास बात यह है कि पिछले कुछ दिनों से इस मसले को लेकर लोगों द्वारा विरोध भी किया जा रहा है, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## ये है नियम

कानपुर। केंद्र सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनिमय 2011 आने के बाद देश में कहीं भी पशु वध स्लॉटर हाउस में ही संभव है। बूचड़खाना उस जगह को माना जाता है जहा प्रतिदिन 10 से ज्यादा जानवर काटे जाते है। बूचड़खाने ऐसी जगह होने चाहिए जहा पानी, बिजली और प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। पानी के लिइुए एक भिश्ती और एक सफाई कर्मचारी होना चाहिए। खून और बाकी गंदगी किसी नाली में न बहे। यह किसी सोखते में दबानी चाहिए। कोई भी गर्भवती, दूध देने वाला या तीन महीने से कम उम्र का जानवर नहीं काटा जा सकता। कटने वाले हर जानवर की एक पशु चिकित्सक द्वारा जाच की जाएगी और मुहर लगाकर सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। इसके बाद ही जानवर को काटा जा सकता है।

## ये हैं हालात

कानपुर। लोगों का कहना है कि शहर में मीट शॉप पर सरेआम जानवरों को काटकर लटका दिया जाता है। यहा पर इस तरह का कार्य हरगिज नहीं हो सकता। जहा पर सिर्फ मछली की बिक्री होनी चाहिए, वहा पर मास की बिक्री करके नियमों का मखौल उड़ाया जाता है। इसके कारण गंदगी भी फैल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे है और सरकार कुछ नहीं कर रही है।

# 7 मई को रमईपुर में आयोजित महागठबंधन रैली मे अखिलेश यादव शामिल होंगे



कानपुर, 06 मई 2024 दिन सोमवार को इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी श्री राजाराम पाल ने विभिन्न गांव (ग्राम न्योरी, मगरासा, सगुनियापुरवा, रमईपुर, सेनिया, क्योटरा, मिर्जापुर, मंझावन) में तूफानी जनसंपर्क कर 7 मई को रमईपुर में आयोजित विशाल महा गठबंधन रैली जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिलेश यादव शामिल होंगे में लाखों की संख्या में भीड़ जुटाने का आह्वान किया। राजाराम पाल ने बताया कि यह देश के लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का अंतिम अवसर है भाजपा का 400 पार का नारा संविधान बदलने एवं आरक्षण खत्म करने के लिये है इसलिए इस चुनाव में सभी वर्ग एवं सभी धर्मों के लोगों को एकजुट होकर इण्डिया गठबंधन को वोट करना है। राजाराम पाल ने बताया कि कल 7 मई दिन मंगलवार को प्रात 11:00 बजे रमईपुर रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास संविधान बचाओ विशाल महागठबंधन रैली आयोजित होगी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल होंगे। राजाराम पाल ने सभी से आह्वान किया कि इस महारैली में सभी सम्मानित मतदातागण एवं कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होकर रैली को ऐतिहासिक बनाएं। श्री राजाराम पाल ने बताया कि अखिलेश यादव प्रात: 11:00 बजे से रमईपुर पहुंचेंगे एवं महारैली को संबोधित करेंगे! राजाराम पाल ने बताया कि यह चुनाव जीत-हार का नही है यह चुनाव संविधान बचाने का है इसीलिए अबकी वोट संविधान की रक्षा के लिये करना है। श्री राजाराम पाल ने ग्रामीणों को नारा दिया "साइकिल का निशान - बचाएगा संविधान"। सभी विधानसभाओं के विधानसभा प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों, ब्लॉक प्रभारियों, बूथ प्रभारियों, वार्ड अध्यक्षओं एवं पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशियों को विभिन्न जिम्मेदारी बांटी गयी। वाहन जुलुस में सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहन एवं मोटरसाइकिलों में लोग चलते नजर आये वाहन जुलुस का सभी वार्डो में एवं बाजारों में भव्य स्वागत किया गया। विशाल वाहन जुलुस निकालकर इण्डिया गठबंधन ने कल्याणपुर में यह संदेश दिया कि इस लोकसभा चुनाव में कल्याणपुर विधानसभा राजाराम पाल भारी मतों से जीत रहे हैं। वाहन जुलुस में प्रमुख रूप से अमित पाण्डेय, राजीव द्विवेदी, नरेन्द्र चंचल कुशवाहा, चन्द्रशेखर यादव, उपेन्द्र पाण्डेय,शैलू सोनकर,दिनेश पासवान,भूधर नारायण मिश्रा, नेकचन्द पाण्डेय,निहाल अहमद, धवल पाण्डेय,अनुराग पाल आदि रहे।

# विकास के नाम पर जनता के साथ छल किया गया है: निर्दलीय आलोक मिश्रा



कानपुर, विकास के नाम पर जनता के साथ छल किया गया है यह कहना है कानपुर नगर लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा जिनका चुनाव चिन्ह माइक है जैसे-जैसे मतदान के दिन करीब आ रहे हैं कानपुर नगर से लोकसभा प्रत्याशी गली गली मोहल्ले मोहल्ले जनसंपर्क एवं सभाएं करते नजर आ रहे जनसंपर्क के दौरान निर्दलीय आलोक मिश्रा ने कहा कि कानपुर नगर में विकास की बात तो बहुत हुई लेकिन कागज के पन्नों में दब के रह गए हैं शिक्षा के लिए ना तो कोई नया स्कूल, स्वास्थ्य के लिए ना कोई अच्छा अस्पताल, रेडी ठेले वालों को आए दिन नगर निगम से प्रताड़ित होना पड़ता है जनता ने मौका दिया तो कानपुर की तस्वीर बदल दूंगा! आगे कहा कि बड़े-बड़े सपने दिखाकर जनता के साथ छल करने का कार्य किया है पिछले सांसदों ने लेकिन जनता सब जान चुकी है जनता बार-बार धोखा नहीं खाती है समय आने पर जनता खुद ही जवाब दे देगी! जगह-जगह फूल माला पहनकर प्रत्याशी का स्वागत किया गया! गोविंद नगर मलिन बस्ती, चावला मार्केट, जूही परम पुरवा, जूही परम पुरवा बस्ती, नहरिया, ट्रांसपोर्ट नगर, बाकरगंज, मुर्गा मार्केट, अजीतगंज, इत्यादि क्षेत्र में जनसंपर्क किया

## नौबस्ता कच्ची बस्ती में कपड़े व चिप्स ,बिस्किट वितरण किया गया



ओम जन सेवा संस्थान की कानपुर टीम के तत्वाधान मे नौबस्ता चौराहे के पास कच्ची बस्ती में संस्थापक / अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) के नेतृत्व में गरीबो,असहाय व जरूरत मंद कपड़े ,बिस्कुट, कुरकुरे व फल का वितरण किया गया। छोटे व नन्हे मुन्ने बच्चें कपड़े ,बिस्कुट, कुरकुरे व फल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस अवसर पर ओम जन सेवा संस्थान की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने बताया कि संस्था के द्वारा 6 वर्ष से लगातार समाज के हित के लिए कार्य कर रही है आज हमारी टीम ने नौबस्ता चौराहा के पास कच्ची बस्ती में जाकर आज संस्था ने बच्चों को कपड़े ,फल, कुरकुरे व बिस्कुट वितरण किया गया । हमारी संस्था हमेशा जरूरतमंद की मदद करती आ रही है।इस तरह के कार्य करने से मन मे अपार खुशी व आनन्द मिलता है।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव देवी अग्रहरि (सीमा) , जगमहेन्द्र अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता, मंडला मुखी मन्नत मां आदि लोग मौजूद रहे।

# दलितों का वोट किसी के बाप की जागीर नहीं : आनंद राज

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अन्नू टंडन के समर्थन मे उन्नाव पहुंचे थे आनंद राज



लोकजन संदेश

उन्नाव ।जनपद उन्नाव में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के पौत्र आनन्द राज अम्बेडकर ने उन्नाव शहर के अम्बेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद इब्राहिमाबाद चंदेसुआ तथा झूलूमऊ में सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन के समर्थन में आयोजित सभाओ को संबोधित किया । उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब ने समस्त देशवासियों को संविधान में बराबरी का दर्जा दिया है तथा विकृति पूर्ण जातीय दुर्व्यवस्था से पिछड़ गए समाज को बराबर लाने के लिए संविधान में जिस आरक्षण की व्यवस्था की है, वर्तमान की भाजपा सरकार उस संविधान को बदल देश के पिछड़ों दलितों को फिर आजादी की पूर्व वाली दशा में पहुंचाना चाहती है।भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पौत्र आनंदराज अम्बेडकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अन्नू टंडन के समर्थन मे उन्नाव पहुंचे थे ।बाबा साहेब के संविधान को बचाने की लड़ाई में सपा की उन्नाव लोकसभा प्रत्याशी,अन्नू टंडन के साथ आए बाबा साहेब अंबेडकर के पौत्र, आनंदराज अंबेडकर ने विभिन्न सभाओ को संबोधित किया ।

अन्नू टंडन का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज राजनीति में उनके जैसे अच्छे और पढ़े लिखे लोगों की जरूरत है जो पूर्ण रूप से समाज का विकास कर सकें। उन्होंने लोगों से बैलेट नंबर 1 पर वोट करने का भी अनुरोध किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नतीजों के भी दिन अन्नू टंडन नंबर 1 पर आएं। क्योंकि अगर दलितों की बात आती है तो कई पार्टी के नेता जो अपने आप को दलितों का मसीहा बताते है असल में उन्होंने दल्तो के लिए जमीनी स्तर पर कुछ किया ही नहीं और पिछले दस सालो में उन्नाव विकास की द्रष्टि से पिछाड सा गया है दलित समाज के ऊपर नित्य नए अत्याचार अखबार की सुर्खियाँ बन ही जाते है ऐसे में दलित समाज के रहनुमा दिल्ली के ऐसी कमरों में आराम फरमाते नज़र आते है उन्नाव की बदहाल स्थिति पर सवाल उठाते हुए पूछा कि लखनऊ और कानपुर के बीच बसा होने के बावजूद उन्नाव शहर में पिछले 10 साल में कोई विकास क्यों नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज के समय में बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान को कुछ शक्तियां नष्ट करना चाहती हैं। आनंदराज अम्बेडकर मुखर होकर उन ताकतों के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़ रहे हैं ।बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गया संविधान, समाज के सभी वर्गों (महिला, गरीब, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को समानता, स्वतंत्रता और भागीदारी का अधिकार प्रदान करता है ।आनंदराज अंबेडकर उन्नाव की धरती पर इस लड़ाई में इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन का साथ देने के लिए उपस्थित हुए हैँ । इस दौरान अधिक से अधिक संख्या में लोगों का हुजूम देखने को मिला। इस दौरान लोगों से उनके संघर्ष को अपनी शक्ति और आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की गयी।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित I Email: knplokjansandesh@gmail.com lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299